रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127 REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY,

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 43] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 30, 1988/आश्विन 8, 1910
No. 43] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 30, 1988/ASVINA 8, 1910

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दी इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इण्डिया

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 1988

अधिसूचना

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट)

संख्या : 1 सी.ए. (6)/039/88.—चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस अधिनियम, 1949 की धारा 18 की उपधारा (5) के अनुसार 31 मार्च, 1988 को समाप्त हुए वर्ष के लिये परिषद् के अंकेक्षित लेखा तथा प्रतिवेदन की एक प्रति सर्व साधारण की जानकारी हेतु, एतद्द्वारा प्रकाशित की जा रही है।

आर.एल. चोपड़ा, सचिव

31 मार्च, 1988 को समाप्त हुए वर्ष के लिए परिषद की 39वीं वार्षिक रिपोर्ट

चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस अधिनियम, 1949 की धारा 18(5) की व्यवस्थाओं के अनुसार, परिषद को अपनी 39वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हर्ष है । इस रिपोर्ट में 31 मार्च 1988 को समाप्त हुए वर्ष का लेखा-जोखा एवं सांख्यिकी सूचनाएं तथा परिषद के सितम्बर, 1988 तक के कार्यकलापों से संबंधित जानकारी सम्मिलित है।

1. परिषद

1.1 परिषद तथा इसकी विभिन्न समितियों के सदस्य

13वीं परिषद, जिसमें कि पांच क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित इंस्टीट्यूट के 24 सदस्य तथा 6 केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य शामिल हैं, 17 सितम्बर, 1985 को 3 वर्ष की अवधि के लिए गठित की गई थी । इसकी अवधि 16 सितम्बर, 1988 को समाप्त हो रही है तथा नई (14वीं परिषद) 17 सितम्बर, 1988 को अपना पद-भार ग्रहण करेगी । वर्ष के दौरान परिषद तथा इसकी समितियों की संरचना परिशिष्ट-1 में दी गई है । इंस्टीट्यूट की गतिविधियों में, अधिक से अधिक भाग लेने हेतु, अन्यायी समितियों में, उद्योगों में नये सदस्यों को समायोजित करने के लिए अथक प्रयास किये जा रहे हैं । वर्ष के दौरान उद्योगों में से 9 सदस्यों को समायोजित किया गया ।

1.2 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

16 सितम्बर, 1987 तक श्री आर. बालाकृष्णन और श्री एस.के. वासगुप्ता, क्रमशः अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बने रहे। परिषद में, सितम्बर

1987 में हुई अपनी बैठक में श्री एस.के. दासगुप्ता और श्री के.जी. सोमानी को 17 सितम्बर, 1987 से एक साल की अवधि के लिये क्रमशः अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुना।

1.3 परिषद की बैठकें

वर्ष 1987-88 परिषद् के लिये काफी व्यस्तता का वर्ष रहा। वर्ष के दरमियान परिषद् की 10 (दस) बैठकें हुई जो कि अपने-आप में एक कीर्तिमान है। इन दस बैठकों में से चार बैठकों में केवल विचाराधीन अनुशासनात्मक मामलों पर विचार किया गया। एक बैठक में शिक्षा एवं प्रशिक्षण पुनर्वीक्षण समिति की रिपोर्ट पर विचार किया गया। बाकी बचे पांच बैठकों में इंस्टीट्यूट के सामान्य विषयों पर विचार किया गया। इन बैठकों का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:--

बैठक संख्या	तिथियां	स्थान
123वीं	8, 9 और 10 अप्रैल, 1987	नई दिल्ली
124वीं	30 अप्रैल और 1 मई, 1987	नई दिल्ली
125वीं	1 और 2 जून, 1987	नई दिल्ली
126वीं	16, 17 और 18 जुलाई, 1987	नई दिल्ली
127वीं	3, 4 और 5 अगस्त, 1987	नई दिल्ली
128वीं	14, 15, 16 और 17 सितम्बर, 1987	नई दिल्ली
129वीं	30 और 31 अक्तूबर, 1987	नई दिल्ली
130वीं	26, 27 और 28 नवम्बर, 1987	नई दिल्ली
131वीं	29, 30 और 31 दिसम्बर, 1987	नई दिल्ली
132वीं	11, 12 और 13 फरवरी, 1988	जयपुर

2 अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध

2.1 अन्तर्राष्ट्रीय लेखापाल संघ

(अ) लेखापालों का अन्तर्राष्ट्रीय संघ (आई.एफ.ए.सी.) की असैम्बली की 11 अक्तूबर, 1987 को टोक्यो, जापान में बैठक हुई। इस बैठक में, निम्नांकित 15 देशों को आई.एफ.ए.सी. की नई परिषद के लिये, अक्तूबर, 1992 को समाप्त होने वाले पांच वर्ष की अवधि हेतु चुना गया।

आस्ट्रेलिया--	मेक्सिको
ब्राजील--	नीदरलैण्ड
कनाडा--	न्यूजीलैण्ड
फ्रांस--	सिंगापुर
जर्मनी--	स्वीडन
भारत--	यूनाइटेड किंगडम
जापान--	संयुक्त राज्य अमेरिका
केनिया	

असैम्बली ने, आई.एफ.ए.सी. के संविधान में कुछ संशोधनों को भी अपनी स्वीकृति दे दी।

(ब) आई.एफ.ए.सी. की नई परिषद की 15 अक्तूबर, 1987 को टोक्यो, जापान में बैठक हुई। इस बैठक में आई.एफ.ए.सी. की समितियों का पुनर्गठन किया गया। भारत ने शिक्षा समिति, अन्तर्राष्ट्रीय ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज समिति और वित्तीय एवं प्रबन्ध लेखांकन समिति में अपनी सदस्यता बरकरार रखी।

(स) श्री ए.सी. चक्रवर्ती, कलकत्ता, जो कि इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष रह चुके हैं, आई.एफ.ए.सी. की परिषद में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

(ट) श्री पी.ए. नानि, बम्बई, जो इंस्टीट्यूट के एक भूतपूर्व अध्यक्ष हैं, आई.एफ.ए.सी. की शिक्षा समिति में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

(य) श्री आर. बालाकृष्णन, मद्रास, इंस्टीट्यूट के एक भूतपूर्व अध्यक्ष, आई.एफ.ए.सी. की अन्तर्राष्ट्रीय ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज समिति में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

2.2 अन्तर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक समिति

इंस्टीट्यूट, अन्तर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक समिति का सदस्य बना रहा है।

2.3 आई.एफ.ए.सी. और आई.ए.एस.सी. के बीच संबंधों का पुनर्वीक्षण।

आई.एफ.ए.सी. और आई.ए.एस.सी. के विलय या इन दोनों के बीच और अधिक निकटता लाने के उद्देश्य से बर्लिन कांग्रेस के दौरान, आई.एफ.ए.सी. की परिषद में तथा आई.ए.एस.सी. के बोर्ड में प्रतिनिधित्व कर रही संस्थाओं के प्रतिनिधिमण्डल के प्रधानों की एक बैठक हुई। बैठक में निम्नलिखित उद्देश्यों के लिये एक कार्य-दल की स्थापना का प्रस्ताव पारित किया गया।

--सदस्यों तथा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार समुदाय की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आई.एफ.ए.सी. और आई.ए.एस.सी. की कार्य-योजनाओं (वर्तमान और प्रयोजित) पर विचार करना।

--अत्यधिक कम लागत पर दोनों संस्थाओं के उद्देश्यों को कैसे प्राप्त किया जा सकता है, इस प्रश्न पर विचार करना।

--यदि उचित हो तो रचनात्मक और/अथवा संवैधानिक परिवर्तन और फाइनेंसिंग के परिवर्धित तरीकों को सिफारिश करना।

इस कार्यदल में, नौ अन्य देशों के अलावा भारत भी सदस्य चुना गया है। श्री एस० के० दासगुप्ता, कलकत्ता, कार्य दल के सदस्य हैं।

2.4 एशियाई एवं प्रशान्त लेखापालों का महासंघ (सी.ए.पी.ए.)

भारत का, हमारी सिस्टर इंस्टीट्यूट दी इंस्टीट्यूट आफ कॉस्ट एवं वर्क्स एकाउन्टेन्टस आफ इंडिया के माध्यम से, एशिया एवं प्रशान्त लेखापालों के महासंघ की कार्यकारी समिति में प्रतिनिधित्व बना रहा है।

2.5 दक्षिण एशियाई लेखापालों का संघ (एस.ए.एफ.ए.)

(अ) वर्तमान समय में, श्री एस.के. दासगुप्ता, इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष एस.ए.एफ.ए. (साफा) की असैम्बली में इंस्टीट्यूट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। श्री के.जी. सोमानी, इंस्टीट्यूट के उपाध्यक्ष साफा की तकनीकी मानक समिति के सभापति हैं। यह समिति, सदस्य देशों में तकनीकी मानक का तुलनात्मक अध्ययन करने में लगी हुई है।

(ब) दक्षिण एशियाई लेखापालों का संघ (साफा) की असैम्बली की एक बैठक 5 दिसम्बर, 1987 को कोलम्बो, श्रीलंका में हुई। इस बैठक में इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स आफ बंगलादेश के श्री मोहम्मद युनुस, को वर्ष 1988 के लिए साफा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। ठीक इसी अवधि के लिए इंस्टीट्यूट आफ कॉस्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेंट्स आफ इंडिया के प्रतिनिधि को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

(स) साफा असैम्बली की एक बैठक मई, 1988 में ढाका, बंगलादेश में आयोजित की गई। असैम्बली की बैठक के बाद 1 और 2 जून, 1988 को साफा का तीसरा अधिवेशन शुरू हुआ। इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि के रूप में अध्यक्ष श्री एस.के. दासगुप्ता तथा उपाध्यक्ष

को के.जी. सामानी ने बैठक में भाग लिया । परिषद के एक वरिष्ठ सदस्य, श्री ए.के. चक्रवर्ती ने अधिवेशन में एक दस्तावेज प्रस्तुत किया।

(ङ) साफा के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के लिये, इंस्टीट्यूट ने अपने मद्रास कम्प्यूटर केन्द्र में "एकाउंटिंग एवं आडिटिंग में कम्प्यूटर का योगदान" विषय पर एक 6-दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों ने कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की।

2.6 लेखापालों की 13वीं वर्ल्ड कांग्रेस

लेखापालों की 13वीं वर्ल्ड कांग्रेस, 11 से 15 अक्तूबर, 1987 में टोक्यो, जापान में बुलाई गई । कांग्रेस का आयोजन, जापानी इंस्टीट्यूट आफ सर्टीफाइड पब्लिक एकाउन्टेन्ट्स ने किया था । कांग्रेस में करीब-चार हजार प्रतिनिधियों ने भाग लिया । इंस्टीट्यूट का 13 (तेरह) सदस्यी प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व अध्यक्ष श्री एस.के. दासगुप्ता ने किया । इंस्टीट्यूट के एक सदस्य श्री आर.एन. राय ने "साधारण ई.डी.पी. सिस्टम का आडिट" पेपर पर सह-लेखक की भूमिका निभाई।

कांग्रेस का विषय "कम्प्यूटर पर्यावरण में लेखापाल की भूमिका" थी जिसको प्रति आवश्यक सत्रों तथा ऐच्छिक सत्रों में व्यवस्था की गई। कांग्रेस की एक सराहनीय विशेषता यह थी कि कांग्रेस के समस्त तकनीकी सत्र दृश्य-श्राव्य प्रस्तुतीकरण पर आधारित थे । कांग्रेस के ही एक भाग के रूप में, एक व्यापार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । इस प्रदर्शनी में भविष्य में कार्यालय में कम्प्यूटर और आदमी समरस होकर साथ-साथ कैसे काम कर सकते हैं तथा कार्यालयीन काम काजों को यंत्रीकरण किस तरह संगठनात्मक क्षमता सुधार में योगदान कर सकता है—जैसे विषयों पर विचार किया गया । कांग्रेस की दूसरी विशेषता यह थी कि प्रतिनिधियों को औद्योगिक इकाइयों में जापानी उच्च तकनीकी सुविधाओं को देखने का अवसर मिला । इस प्रकार प्रतिनिधियों को, जापानी औद्योगिक इकाइयों में कार्य के प्रति लगन और सदाचार दोनों ही बातों के साथ-साथ कम्प्यूटर उत्पादन, कारखानों के यंत्रीकरण, कार्यालयीन उपकरणों के उत्पादन तथा सूचना-प्रणाली में नवीनतम बुलंदियों को देखने का अवसर मिला

2.7 अन्तरराष्ट्रीय तकनीकी दस्तावेजों के प्रत्युत्तर:

अन्तरराष्ट्रीय लेखापाल संघ तथा अन्तरराष्ट्रीय लेखांकन मानक समिति द्वारा जारी किये गये तकनीकी दस्तावेजों पर इंस्टीट्यूट अपना दृष्टिकोण बराबर प्रस्तुत करता रहा है ।

3. व्यावसायिक विकास की गतिविधियां

3.1 सामान्य

परिषद-वर्ष अर्थात् 17 सितम्बर, 1987 से 16 सितम्बर, 1988 के मध्य इंस्टीट्यूट की परिषद् द्वारा गठित विभिन्न गैर-स्थायी समितियों के व्यावसायिक विकास संबंधी गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित अनुच्छेदों में दिया गया है । इस विवरण में 1 अप्रैल, 1987 से 16 सितम्बर, 1987 तक की अवधि के मध्य कार्यकलापों का विवरण सम्मिलित नहीं है क्योंकि इसका समावेश गत वर्ष प्रस्तुत 38वें वार्षिक प्रतिवेदन में कर लिया गया था। इसमें क्षेत्रीय समितियों और उनकी शाखाओं के कार्यकलापों का विवरण भी सम्मिलित नहीं किया गया है।

3.2 एकाउंटिंग स्टैंडर्डस बोर्डस

(अ) एकाउंटिंग स्टैंडर्डस निर्गमन

जनवरी 1979 में एकाउंटिंग स्टैंडर्डस के विवरण की प्रस्तावना जारी की जाने के बाद से परिषद् ने लेखांकन के अग्रलिखित दस सुनिश्चित मानक निर्गमित किए हैं :—

(1) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड—1 "डिस्क्लोजर आफ एकाउंटिंग पालिसीज" पर (ए. एस.—1) नवम्बर 1979 ।

(2) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड—2 "वैल्यूएशन आफ इन्वेन्टरीज" पर (ए. एस.—2) जून 1981 ।

(3) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड—3 "चेंजेज इन फाइनैंसियल पोजीशन" पर (ए. एस.—3) जून—1981 ।

(4) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड—4 "कान्टीनजेन्सीज एण्ड इवेन्ट्स occurring आफ्टर दि बैलेंस शीट डेट" पर (ए. एस-4) नवम्बर—1982।

(5) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड—5 "प्रायर पीरियड एण्ड एक्सट्रा आर्डिनरी आइटम्स एण्ड चेंजेज इन एकाउंटिंग पालिसीज" पर (ए.एस—5) नवम्बर 1982।

(6) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड—6 "डेप्रीसिएशन एकाउंटिंग" पर (ए. एस.—6)—नवम्बर, 1982 ।

(7) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड—7 "एकाउंटिंग फार कंस्ट्रक्शन कान्ट्रैक्ट्स" पर (ए. एस.—7) दिसम्बर, 1983 ।

(8) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड—8 "एकाउंटिंग फार रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट" पर (ए. एस.-8) जनवरी 1985।

(9) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड — "रेवेन्यू रिकग्निशन" पर (ए. एस.-9) नवम्बर, 1985 ।

(10) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड—10 "एकाउंटिंग फार फिक्सड एसेट्स" पर (ए. एस.-10) नवम्बर 1985।

उपरोक्त के अतिरिक्त बोर्ड ने "टर्म्स यूज्ड इन फाइनैंशियल स्टेटमेंट्स" पर मार्गदर्शक पत्र भी जारी किया है ।

(ब) एकाउंटिंग स्टैण्डर्डस का क्रियान्वयन

एकाउंटिंग स्टैण्डर्डस के क्रियान्वयन के प्रयासों के अनुसार इंस्टीट्यूट की परिषद् ने सितम्बर 1986 में हुई अपनी 139वीं बैठक में यह निर्णय किया कि एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-4 (ए. एस—4) "कान्टीनजेन्सीज एण्ड इवेन्ट्स occurring आफ्टर दि बैलेंस शीट डेट" पर तथा एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड—5 (ए. एस.-5) "प्रायर पीरियड एण्ड एक्सट्रा आर्डिनरी आइटम्स एण्ड चेंजेज इन एकाउंटिंग पालिसीज" पर इस इंस्टीट्यूट द्वारा निर्गमित निर्देश दिनांक 1-1-1987 को शुरू होने वाली अवधि और उपरान्त के लिए लेखा-जोखा के संबंध में अनिवार्य माने जाने चाहिएं। यह भी निश्चय किया गया कि अन्य स्टैण्डर्डस् को भी चरणबद्ध कार्यक्रम के रूप में अनिवार्य माना जाना चाहिए ।एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड को विस्तृत प्रचार देने के विचार से एक प्रचार पुस्तिका बोर्ड द्वारा तैयार की गई है और उन्हें विभिन्न संगठनों में वितरित किया गया है। पुस्तिका में बोर्ड के गठन उसके उद्देश्यों एवं लेखांकन मानकों को विकसित करने की पद्धति का विवरण है इसके अतिरिक्त एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड विषय पर आयोजन अवधि के दौरान अधिसंख्य अध्ययन—गोष्ठियों में विचार किया गया ताकि स्टैण्डर्डस् के संबंध में पूर्ण परिचय प्राप्त हो सके ।

(स) निर्माणाधीन लेखांकन मानक

निम्नलिखित विषयों पर, मानक निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं में है :—

(1) विदेशी मुद्रा विनिमय दर में परिवर्तन के कारणों पर लेखांकन

(2) आय पर करों के लिये लेखांकन

(3) सरकारी अनुदान तथा सरकारी सहायता की उद्घोषणा के लिए लेखांकन

(4) नियोजकों के वित्तीय स्टेटमेन्टों में अंशदान प्राप्त करने पर होने वाले लाभों के लिये लेखांकन

(5) निवेशों के लिये लेखांकन

(6) व्यापार समूह के लिये लेखांकन

3.3 ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज समिति

(अ) बैंकों के ऑडिट में लाग फार्म ऑडिट रिपोर्ट पर मार्गदर्शक पत्र

भारतीय रिजर्व बैंक ने सन् 1985 में सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों को सलाह दी थी कि वे अपने ऑडिटर से एक लाग फार्म ऑडिट रिपोर्ट की मांग करें। इस उद्देश्य हेतु रिजर्व बैंक ने दो प्रश्नावलियां भी जारी कीं। बैंक ने इन प्रश्नावलियों में सन् 1987 में संशोधन किया। इस प्रकार समिति ने भी प्रश्नावलियों में किये गये परिवर्तनों को सम्मिलित करने के लिये कथित विषय पर अपने मार्गदर्शक पत्र में सुधार (परिवर्तन) किये हैं।

(ब) राष्ट्रीयकृत बैंकों के मामले में ऑडिट रिपोर्ट

इस मामले से संबंधित प्राप्त सुझावों के आधार पर समिति ने राष्ट्रीयकृत बैंकों के मामले में स्टेचुटरी ऑडिटर की रिपोर्ट की रूपरेखा पर पुनर्विचार किया और इसमें अनेक असुविधाएं महसूस की गईं। इस तरह समिति ने राष्ट्रीयकृत बैंकों के मामले में सिफारिशी फार्मों को एक तरफ रखते हुए, एक मार्गदर्शक-पत्र जारी किया है।

(स) स्टैण्डर्ड ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज पर स्टेटमैंट्स और मार्गदर्शक-पत्र

वर्ष के दौरान परिषद् ने समिति द्वारा निर्मित स्टैण्डर्ड ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज पर निम्नलिखित स्टेटमैंट्स को प्रकाशन हेतु अपनी सहमति दे दी है:—

(1) स्टैण्डर्ड ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज पर स्टेटमैंट (एस. ए. पी.) 5 "ऑडिट एविडेन्स"।

(2) स्टैण्डर्ड ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज पर स्टेटमैंट—(एस. ए. पी.) 6

"एक ऑडिट के संबंध में लेखांकन का तरीका और संबंधित आन्तरिक नियन्त्रणों का अध्ययन एवं मूल्यांकन"।

"आन्तरिक ऑडिटर के काम पर निर्भरता" से संबंधित स्टैण्डर्ड ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज पर प्रस्तावित स्टेटमैंट का प्रारूप शीघ्र ही जारी किया जायेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त समिति ने "योजना" विषय पर स्टैण्डर्ड ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज पर प्रस्तावित स्टेटमैंट का एक एक्सपोजर ड्राफ्ट भी जारी किया।

निम्नलिखित विषयों पर स्टैण्डर्ड ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज पर स्टेटमैंट और मार्गदर्शक-पत्र निर्माण के अनेक स्तरों पर है--

(1) एक ई. डी. पी. वातावरण में ऑडिटिंग

(2) दूसरे ऑडिटर के काम का प्रयोग करना

(3) संयुक्त ऑडिटरों की उत्तरदायित्वता

(4) ऑडिट वचनबद्धता पत्र

(5) निवेशों का ऑडिट

(6) चल सम्पत्तियों का ऑडिट

(7) ऋणों, ऋणों तथा अग्रिमों का ऑडिट।

समिति ने, अपने विचार हेतु, स्टैण्डर्ड ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज पर स्टेटमैंट का प्राथमिक मसविदा बनाने के लिये बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में अध्ययन दलों का गठन किया है। दिल्ली में एक दूसरा अध्ययन दल इंस्टीट्यूट का चालू प्रकाशन जिसका नाम "स्टेटमैंट आन ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज" है के आधार पर एक मार्गदर्शक का प्राथमिक मसविदा विकसित करने के काम में लगा हुआ है।

3.4 अनुसंधान समिति

(अ) प्रकाशित साहित्य

वर्ष के दौरान, निम्नलिखित प्रकाशनों को बिक्री के लिये जारी किया गया--

(1) मार्गदर्शक पत्रों का संग्रह--भाग 3—इसमें 30 जून, 1985 से 31 मार्च, 1987 तक जारी किये गये मार्गदर्शक पत्र शामिल हैं।

(2) मोडवैट हेतु लेखांकन उपचार पर मार्गदर्शक पत्र।

(3) युक्तिता के आधार पर लेखांकन पर मार्गदर्शक पत्र

(ब) प्रकाशन प्रक्रिया के अंतर्गत अध्ययन

(1) उर्वरक उद्योग पर एकाउंटिंग एवं ऑडिटिंग तकनीकी गाइड

(2) चीनी उद्योग—आन्तरिक ऑडिट पर गाइडलाइन्स

(स) समिति/परिषद् द्वारा अंतिम रूप दिये जा रहे प्रकाशन

(1) उद्योगों में अस्वस्थता (सिकनेस) के निर्धारण हेतु वित्तीय सूचनाओं के प्रयोग पर अध्ययन।

(2) निम्नलिखित पर एकाउंटिंग तथा ऑडिटिंग तकनीकी गाइड:—

(अ) आटोमोबाइल उद्योग

(ब) ड्रग तथा फार्मास्युटिकल उद्योग

(3) पट्टे के लिये लेखांकन पर मार्गदर्शक पत्र

(4) विदेशी मुद्रा विनिमय अधिनियम हेतु लेखाकार की गाइड

(5) टायर उद्योग—इन्टरनल ऑडिट पर गाइडलाइन्स

(6) बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 का परिशोधन—एक लेखापाल का अध्ययन।

(7) "शेयर के मूल्यांकन पर अध्ययन" का परिशोधन।

(8) "स्टेटमैंट ऑन ट्रीटमैंट ऑफ रिटायरमैंट ग्रेच्युटी इन एकाउन्ट्स" का संशोधन

(9) "उत्पादन शुल्क के लिये लेखांकन उपचार पर मार्गदर्शक पत्र" का संशोधन

(द) प्रगति आधीन प्रकरण

(1) ऑडिट सैम्पलिंग टैकनीक

(2) बुनाई उद्योग—आन्तरिक ऑडिट पर गाइडलाइन्स

(3) होटल उद्योग—एकाउंटिंग एवं ऑडिटिंग तकनीकी गाइड

(4) कम्पनियों के वित्तीय आंकड़ों पर इंस्टीट्यूट की अधिसूचनाओं का प्रभाव

(5) सीमा शुल्क नियम पर लेखापाल की गाइड

(6) निम्नलिखित पर अध्ययन

(अ) एम. आर. टी. पी. अधिनियम

(ब) बीमा ऑडिट—जीवन बीमा निगम

(स) सार्वजनिक ट्रस्टों का ऑडिट

(द) अस्पताल लेखांकन और प्रबन्ध नियंत्रण सिस्टम

(य) कम्प्यूटर और ऑडिटर

(7) भारतीय अर्थव्यवस्था के अलाभकारी क्षेत्रों में प्रबंध नियंत्रण और लेखांकन सिस्टम

(8) फोरेस्टरीज के लिये लेखांकन पर मोनोग्राफ

(9) सीमेंट उद्योग—आन्तरिक आडिट पर गाइडलाइन्स

(ब) संशोधन प्रक्रिया के अन्तर्गत निहित प्रकाशन

(1) शैक्षणिक संस्थाओं के आडिट के लिये तकनीकी गाइड

(2) सहकारी समितियों के आडिट के लिये तकनीकी गाइड

(3) भारतीय उद्योगों में मूल्य निर्धारण

(4) गाइडेन्स नोट ऑन एकाउंटिंग ट्रीटमैंट आफ रिजर्व इन अमाल-गमेशन्स

(5) स्टेटमैंट आन चेंजेज इन दी मोड आफ चार्जिंग डेप्रिसियेशन इन एकाउन्ट्स

(2) शील्ड पैनल

वर्ष 1986-87 के लिये कम्पनियों तथा गैर वित्तीय स्टेचुटरी निगमों का सर्वोत्तम ढंग से प्रस्तुत लेखाओं के लिये पुरस्कार का वार्षिक वितरण

वर्ष 1986-87 की वार्षिक प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल ने निम्न-लिखित कम्पनियों की वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखाओं पर अपना निर्णय दिया :—

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (31 मार्च 1987 को समाप्त वर्ष के लिये) को सर्वोत्तम घोषित किया और इस प्रकार इस कम्पनी को अपनी रजत शील्ड प्रदान करने का निर्णय किया ।

निर्णायक मण्डल ने निम्नलिखित कम्पनियों की वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखाओं की काफी प्रशंसा की इस प्रकार इन कम्पनियों को प्रशस्ति पट्टिका प्रदान करने का निर्णय किया गया—

*दि एसोसियेटेड सिमेंट कम्पनीज लिमिटेड
(31 जुलाई, 1986 को समाप्त वर्ष हेतु)

*सिमेंट कार्पोरेशन आफ इंडिया
(31 मार्च 1987 को समाप्त वर्ष हेतु)

*मद्रास रिफाइनरीज लिमिटेड
(31 मार्च, 1987 को समाप्त वर्ष हेतु)

निर्णायक मण्डल ने बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के वर्ष 1986-87 के लेखाओं पर भी विचार किया ।

हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेन्स कार्पोरेशन लिमिटेड के (30 जून 1986 को समाप्त वर्ष हेतु) लेखे को बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त प्रविष्टियों में सर्वोत्तम घोषित किया और तदनुसार निगम को रजत शील्ड से पुरस्कृत करने का फैसला किया ।

निर्णायक मण्डल ने वर्ष 1986-87 के कुछ ऐसे संस्थानों जैसे सार्वजनिक न्यास, सहकारी समितियों, शोध एवं शैक्षणिक संस्थाओं के लेखाओं पर भी पृथक रूप से विचार किया और निम्नलिखित की वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा पर निर्णय दिया :

इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर को-ओपरेटिव लिमिटेड
(30 जून 1986 को समाप्त वर्ष हेतु) (को प्राप्त प्रविष्टियों में, सर्वोत्तम घोषित किया । तदनुसार इसे प्रशस्ति पट्टिका प्रदान करने का निर्णय किया है ।

*नोट:—जिन कम्पनियों के एकाउन्ट्स को प्रशस्ति-पत्र प्राप्त हुए है उनका क्रम वर्णमाला के आधार पर है । उनका नाम उनमें पीछे होना योग्यता के क्रम को प्रदर्शित नहीं करता ।

7.5 व्यावसायिक विकास समिति

(अ) राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं के लेखाओं के आडिट से संबंधित इम्पैनलमैंट का तरीका तथा अन्य बातें

समिति ने, इंस्टीट्यूट के प्रैक्टिस कर रहे सदस्यों से वर्ष 1988 के लिये, 28 सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों का आडिट जिसमें की केन्द्रीय स्टेचुयरी आडिट भी शामिल है, तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं की आडिट हेतु संबंधित प्राधिकारियों द्वारा प्रदत्त गाइडलाइन्स के आधार पर सूची बनाने के लिये उचित पत्र पर आवेदन आमंत्रित करके सूचना एकत्रित की । इस प्रकार सदस्यों द्वारा उचित आवेदन पत्र पर दी गई जानकारी को कम्प्यूटराइज्ड किया गया था इस प्रकार निर्मित पैनल को संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है जो कि आडिट का वास्तविक वितरण करेंगे । सदस्यों से प्राप्त प्रतिनिधित्व के आधार पर, समिति ने इम्पैनलमैंट से संबंधित अनेक मामलों पर प्राधिकारियों से विचार विमर्श किया ।

आवेदन पत्र में उचित कोड के उद्धरण हेतु सदस्यों एवं फर्मों को यूनिक कोड नम्बर के बारे में सूचित किया गया है ।

(ब) आन्तरिक आडिट

आन्तरिक आडिट के ऊपर दो आवासीय पाठ्यक्रम, क्रमशः 19 से 22 दिसम्बर, 1987 तथा 19 से 21 मार्च, 1988 को कोवालम और पोर्टब्लेयर में आयोजित किये गये । इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य आन्तरिक आडिट के क्षेत्र में हुए नये तकनीकों एवं विकास पर बहस करना तथा इस तेजी से विकास कर रहे क्षेत्र में सदस्यों को अपने विचारों का आदान-प्रदान करने हेतु उचित मंच की व्यवस्था करना था ।

(स) बैंकों के राजस्व/इन्स्पेक्शन/कनकरेण्ट आडिट पर गोष्ठियां

सतत् शिक्षा योजना के ही एक भाग के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय शाखाओं तथा दूसरे महत्वपूर्ण शहरों में क्षेत्रीय परिषदों के साथ मिलकर बैंकों का कनकरेण्ट/इंस्पेक्शन/राजस्व आडिट से संबंधित अनेक पहलुओं पर विचार करने हेतु अनेक गोष्ठियों का आयोजन किया जाता रहा है । गोष्ठियों में भाग लेने वालों में वितरण हेतु एक समान तथा विस्तृत बैंक-ग्राउन्ड सामग्री तैयार की गई है ।

(द) बम्बई में आडिट समितियों पर गोष्ठी

26 मार्च, 1988 को बम्बई में आई. डी. बी. आई. के साथ मिलकर आडिट समिति के ऊपर एक-एक-दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया, गया । इस गोष्ठी में देश के भिन्न-भिन्न भागों से अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

(य) आन्तरिक आडिट के ऊपर 8वां अखिल भारतीय अधिवेशन

4 व 5 सितम्बर, 1988 को बम्बई में आन्तरिक आडिट के ऊपर आठवां अखिल भारतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया । अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य आन्तरिक आडिट के कार्यों के अनेक पहलुओं पर विचार करना तथा समकालिक, आर्थिक एवं व्यापारिक वातावरण में आन्तरिक आडिटर की बढ़ती हुई भूमिका की व्याख्या करना है । अधिवेशन में बहस को आन्तरिक आडिट के अनेक पहलुओं को मध्य नजर रखते हुए चार तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया था । इस अधिवेशन में अनेक निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्रों के संगठनों के करीब 300 कार्यपालकों ने भाग लिया ।

(र) सहकारी समितियां अधिनियम में संशोधन —चार्टर्ड एकाउन्टेंटों द्वारा सहकारी समितियों के आडिट की व्यवस्था

समिति के निर्देश पर क्षेत्रीय परिषदों तथा राज्यों की राजधानियों में क्षेत्रीय परिषदों की शाखाओं ने अपने-अपने राज्यों के उचित अधि-

कारियों को चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों द्वारा सहकारी समितियों के आडिट की व्यवस्था करने हेतु सहकारी समितियां अधिनियम में संशोधन करने हेतु प्रतिनिधित्व किया है। परिषद के सदस्य भी विभिन्न राज्यों के प्राधिकारियों के साथ इस बारे में विचार-विमर्श करते रहे हैं। आन्ध्र प्रदेश सरकार ने इस आशय के परिपत्र जारी किये हैं कि (अ) जिला सहकारी आडिट अधिकारी, जिसे भी संस्थान, जहां आडिट का काम बकाया पड़ा है, के मामले में आडिट का काम किसी भी चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट को सौंप सकते हैं। (ब) सहकारी चीनी कारखानों के हिसाब-किताब के आन्तरिक आडिट का काम किसी भी चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट को सौंपा जा सकता है तथा (स) राज्य-स्तर पर समिति का गठन किया जाए, जिसमें एक सदस्य चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट हो। इसी तरह कुछ अन्य राज्यों जैसे कि हिमाचल प्रदेश तथा महाराष्ट्र में भी प्राधिकारीगण इस बात से सहमत हो गये हैं कि सहकारी समितियों के आडिट कार्य में चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों की सेवाओं का अधिकाधिक उपयोग किया जाये।

(ख) आयात तथा निर्यात प्रमाणपत्रों पर मार्ग-निर्देशन

आयात तथा निर्यात के मुख्य नियंत्रक द्वारा जारी आयात एवं निर्यात नीति तथा आयात-निर्यात पद्धति 1988-89 की हस्त-पुस्तिका में अनेक ऐसे फार्म हैं जिसमें चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों से प्रमाण पत्र आवश्यक है। समिति, प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित सूचनाओं को प्रमाणित करने में अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करने में सदस्यों की मदद के लिये एक मार्गदर्शक-पत्र तैयार करने का प्रयास कर रही है।

(ग) सैल्फ रेगुलेटरी मीजर्स को अनिवार्य बनाना

परिषद् समय-समय पर कतिपय सेल्फ रेगुलेटरी मीजर्स जारी करती रही है जिसका उद्देश्य इंस्टीट्यूट के सदस्यों के बीच व्यावसायिक कार्य का समान प्रवाह सुनिश्चित करना होगा। सेल्फ रेगुलेटरी मीजर्स के एक पूरे पाठ का अंतिम प्रकाशन "प्रोफेशनल अपारचुनिटीज फार मेम्बर्स--एन एप्रेजल" नामक प्रकाशन के 1986 के संस्करण में किया गया है।

मई 1987 में हुई अपनी 122वीं बैठक में परिषद ने यह निर्णय लिया कि निश्चित शुल्क के कम पर आडिट कार्य स्वीकार न करने संबंधी सेल्फ रेगुलेटरी मैजर्स को अनिवार्य किया जाना चाहिए। इस विषय पर एक अधिसूचना "दि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट" के जून 1987 के संस्करण में प्रकाशित की जा चुकी है।

3.6 उद्योगों में लगे सदस्यों के लिये समिति

(अ) उद्योगों में लगे सदस्यों हेतु समिति का गठन निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया गया है :--

(1) इंस्टीट्यूट की गतिविधियों में उद्योग में लगे सदस्यों के अधिक से अधिक भाग लेने हेतु तौर-तरीकों पर विचार करना।

(2) उद्योगों में लगे सदस्यों को प्रभावित करने वाले कारणों पर विचार करना और विशेष रूप से कैरियर प्लानिंग, सदाचरण तथा अन्य संबंधित बातें जो सेवा में लगे सदस्यों को प्रभावित करती हों, से संबंधित समस्याओं पर विचार करना।

(3) संभावित नियोक्ताओं तथा उद्योगों में रोजगार पाने के इच्छुक सदस्यों के लाभ हेतु रोजगार सेवाओं की व्यवस्था करना।

(4) सेवाओं में लगे सदस्यों के लिये रोजगार के नये क्षेत्रों का पता लगाना तथा विकास करना।

समिति सेवा में लगे हुए अनेक प्रसिद्ध सदस्यों को मिलाकर गठित की गई है।

(ब) समिति के निर्णय के अनुसार क्षेत्रीय परिषदों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में उद्योगों में लगे सदस्यों के लिये समितियों का गठन किया है। ये समितियां अपने क्षेत्र में उद्योगों में लगे सदस्यों से संबंधित मामलों पर विचार करने के लिये समय-समय पर अपनी बैठकें बुलाती हैं तथा उद्योगों में लगे सदस्यों के विविध संबंधित विषयों जैसे कि केन्द्रीय बजट, कराधान के नियम तथा इंस्टीट्यूट द्वारा जारी किये गये एक्सपोजर ड्राफ्ट, स्टेटमेंट्स तथा मार्गदर्शक-पत्रों पर समय-समय पर गोष्ठियों का भी आयोजन करती रहती है।

(स) सदस्यों की ज्ञान-सूचना हेतु इंस्टीट्यूट की पत्रिका के जनवरी, 1988 अंक "वित्तीय संस्थाओं में चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों के लिये रोजगार के अवसर" विषय पर एक लेख प्रकाशित किया गया है। इससे पहले इंस्टीट्यूट की पत्रिका के अनेक अंकों में चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों के लिये रोजगार के अवसर पर छः (6) लेखों की एक शृंखला प्रकाशित की गई थी।

(द) ब्यूरो आफ पब्लिक इन्टरप्राइजेज को एक प्रतिवेदन दिया गया है। इसमें इस बात का आग्रह किया गया है कि सार्वजनिक क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंक भी शामिल हैं, से यह निवेदन किया जाए कि वे उन चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स को जो कि उनके साथ काम कर रहे हैं, उनके द्वारा इंस्टीट्यूट को दी जाने वाली वार्षिक सदस्यता-शुल्क का भुगतान करें।

(य) 8 से 9 अप्रेल, 1988 को पूना में कार्पोरेट तथा मैनेजमेंट एकाउंटिंग पर एक अखिल भारतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य कार्पोरेट एवं मैनेजमेंट एकाउंटिंग के अनेक पहलुओं पर विचार-विमर्श करने और आधुनिक समकालिक आर्थिक एवं व्यापारिक वातावरण में प्रबन्ध लेखांकन की बदलती हुई भूमिका पर वैचारिक आदान-प्रदान करने एक मंच प्रदान करना था। इस अधिवेशन में 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

(र) 1988 में 4 से 8 जून तक श्रीनगर में, उद्योगों में लगे वित्त एवं लेखा कार्यपालिकों के लिये एक आवासीय पाठ्यक्रम में मैनेजमेंट एकाउंटिंग तथा कार्पोरेट फाइनेन्स के आधुनिक तकनीकों पर विचार-विमर्श किया गया।

3.7 कम्पनी लॉ समिति

(अ) कम्पनीज (संशोधन) विधेयक, 1987 पर स्मरण-पत्र

कम्पनीज (संशोधन) विधेयक, 1987 पेश किये जाने को दृष्टि में रखते हुए कम्पनी लॉ समिति ने बिल के प्रत्येक खंड पर विचार-विमर्श करने के बाद तथा भूतपूर्व अध्यक्षों, परिषद के सदस्यों, क्षेत्रीय परिषदों तथा शाखाओं से प्राप्त सुझावों और समिति द्वारा आयोजित गोष्ठियों में हुए विचार-विमर्श को मध्यनजर रखते हुए, विधेयक में संशोधनों पर स्मरण-पत्र तैयार किया तथा उसे उद्योग मंत्रालय के कम्पनी कार्य विभाग को प्रस्तुत किया। इस स्मरण-पत्र में अनेक सुझाव दिये गये थे। यह हर्ष की बात है कि सरकार ने उनमें से बहुत कुछ सुझाव मान लिये हैं जिनमें विशेषकर--अनुभाग 5 (आफिसर इन डिफाल्ट) अनुभाग 43-ए (डीम्ड पब्लिक कम्पनीज), अनुभाग 269 और अनुसूची 13 (मैनेजरियल रेमुनरेशन) तथा अनुभाग 205 (डिविडेन्ड) शामिल हैं। इन सुझावों को संशोधन अधिनियम, 1988 में शामिल कर लिया गया है।

(ब) कराधान एवं कम्पनी लॉ पर आवासीय पाठ्यक्रम

2 मई 1988 से 6 मई 1988 तक ऊटी में कराधान तथा कम्पनी लॉ समिति ने संयुक्त रूप से कराधान एवं कम्पनी लॉ के ऊपर 11वां आवासीय पाठ्यक्रम का आयोजन किया। इस पाठ्यक्रम में उद्योगों तथा व्यवसाय के 33 व्यक्तियों ने भाग लिया।

(स) बी.आई.एफ.आर. के संबंध में अध्ययन

सिक इंडस्ट्रियल कम्पनीज (स्पेशियल प्रोविजन) एक्ट को मद्देनजर रखते हुए समिति ने बी.आई.एफ.आर. और व्यवसाय के सदस्यों के ऊपर अध्ययन करने का निश्चय किया है। प्रस्तावित अध्ययन एक एप्राइजल तथा पुनर्विलोकन के रूप में होगा तथा सदस्यों का इस महत्वपूर्ण लेजिस्लेशन पर मार्गदर्शन करेगा।

(द) कम्पनी लॉ पर सरकार से वार्ता

कम्पनी लॉ से संबंधित अनेक पहलुओं पर समिति सरकार से विचार-विमर्श करती रही है तथा सरकार को अपनी प्रतिक्रिया भेजती रही है। वर्ष के दौरान कम्पनी कार्य विभाग ने अनेक मामलों पर इंस्टीट्यूट के विचार लिये। समिति ने अनेक पहलुओं पर बड़ी शीघ्रता तथा प्रभावी ढंग से अपने विचार रखे।

3.8 कराधान समिति

(क) टैक्सेशन एवं कम्पनी लॉ पर आवासीय पाठ्यक्रम

कराधान एवं कम्पनी लॉ पर ग्यारहवां (11वां) आवासीय पाठ्यक्रम का आयोजन 2 मई से 6 मई 1988 तक ऊटी में होटल साउदर्न स्टार में इंस्टीट्यूट की टैक्सेशन एवं कम्पनी लॉ समितियों ने संयुक्त रूप से किया। देश के अनेक भागों से 33 प्रतिनिधियों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया। निम्नलिखित विषयों पर बड़ी गहराई से विचार विमर्श किया गया :-

कार्पोरेट टैक्सेशन--चुने हुए मामले; प्रत्यक्ष कर अधिनियमों में ताजे विधायी परिवर्तन, प्रत्यक्ष कर अधिनियमों की प्रक्रिया से संबंधित पहलुओं, बिक्री कर, प्रबन्धकीय कर्मियों की नियुक्ति तथा वेतन और औद्योगिक अस्वस्थता--अस्वस्थ औद्योगिक कम्पनियों (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 1985 की दृष्टि से बी.आई.एफ.आर. की कार्य-पद्धति के संदर्भ विशेष में।

कराधान समिति के अध्यक्ष श्री एन.के. पोद्दार, पाठ्यक्रम के निदेशक थे।

(ख) केन्द्रीय बजट

(1) वित्त मंत्री के आमन्त्रण पर इंस्टीट्यूट का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें कि श्री एस.के. दासगुप्ता, अध्यक्ष; श्री के.जी. सोमानी, उपाध्यक्ष, श्री एन.के. पोद्दार, अध्यक्ष, कराधान समिति, श्री एम.जी. पटेल, उपाध्यक्ष कराधान समिति, श्री एस.सी. वासुदेवा, कराधान समिति के सदस्य, श्री आर.एल. चोपड़ा, सचिव और श्री सी.आर.टी. वर्मा, कराधान समिति के सचिव शामिल हैं, 8 जनवरी, 1988 को माननीय वित्त मंत्री से मिले। इस बैठक में सी.बी.डी.टी. के अध्यक्ष श्री सी.के. टिक्कू तथा बोर्ड के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे।

इंस्टीट्यूट का बजट पूर्व स्मरण-पत्र वित्त मंत्री को प्रस्तुत किया गया। स्मरण-पत्र में, वर्ष 1988-89 का बजट बनाते समय सरकार के विचारार्थ इंस्टीट्यूट के सुझाव सम्मिलित हैं। स्मरण-पत्र में अनेक बातों के अलावा जिनका जिक्र किया गया है उनमें से कुछ इस प्रकार हैं--ग्रामीण विकास से संबंधित सुझाव, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिये पुरस्कार, गैर-योजनागत खर्चों पर नियंत्रण, पर्यटन तथा दूसरे सेवा क्षेत्रों को प्रोत्साहन, राजस्व बढ़ाने के तरीके, वर्तमान कर अधिनियमों का युक्तियुक्तकरण, प्रत्यक्ष कर अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 1987 की विभिन्न व्यवस्थाओं में सुधार, विदेशी मुद्रा विनिमय विनियमों, विदेशी मुद्रा और निर्यात, आय-व्यय संबंधित घाटा, औद्योगिक विकास और रोजगार।

वित्त मंत्री ने देश की आर्थिक गतिविधियों में इंस्टीट्यूट की भूमिका तथा इसके योगदान की सराहना की। उन्होंने प्रतिनिधि-मण्डल को विश्वास दिलाया कि टैक्स-सुधार में सरकार खुले दिमाग से काम कर रही है और प्रत्यक्ष कर नियम (संशोधन) विधेयक 1987 की व्यवस्थाओं को क्रियान्वित करते समय करदाताओं को होने वाली वास्तविक परेशानियों को दूर करने हेतु उचित प्रशासनिक निर्देश जारी किये जायेंगे। उन्होंने प्रतिनिधि-मंडल को पुनः विश्वास दिलाया कि वे (मंत्री महोदय) आर्थिक एवं वित्तीय महत्व के विभिन्न मामलों पर इंस्टीट्यूट से प्रायः विचार-विमर्श करेंगे। इससे पहले 5 जनवरी, 1988 को अध्यक्ष ने चैम्बर्स आफ कामर्स तथा उद्योगों के प्रतिनिधियों सहित वित्त-मंत्री द्वारा बजट-पूर्व विचार-विमर्श हेतु आयोजित बैठक में भी भाग लिया।

नये वित्त मंत्री, माननीय श्री एस.बी. चह्वाण के साथ, प्रत्यक्ष कर नियम (संशोधन) अधिनियम, 1987 से संबंधित अनेक क्षेत्रों पर एक दूसरी बैठक हुई। अध्यक्ष के साथ-साथ उपाध्यक्ष श्री के.जी. सोमानी, कराधान समिति के अध्यक्ष श्री एन.के. पोद्दार, कराधान-समिति के उपाध्यक्ष श्री एम.जी. पटेल तथा कराधान-समिति के दो अन्य सदस्य श्री जी. नारायणस्वामी तथा श्री एस.सी. वासुदेवा 26 जुलाई, 1988 को माननीय मंत्री महोदय से मिले और फर्मों के कराधान, अतिरिक्त आयकर, चैरिटेबिल न्यासों के करों के पुनर्निर्धारण, के संबंध में इंस्टीट्यूट के विचारों से उन्हें अवगत कराया। माननीय वित्त मंत्री से, अनुभाग 10 (23ए) में संशोधन करने का अनुरोध किया गया ताकि हमारी इंस्टीट्यूट जैसी व्यावसायिक संस्थाओं को पूरी आय की पूरी छूट मिल सके।

(2) इंस्टीट्यूट का बजट के बाद का स्मरण-पत्र माननीय वित्त मंत्री, सेन्ट्रल बोर्ड आफ डायरेक्ट टैक्सेज के चैयरमैन तथा अन्य संबंधित सरकारी अधिकारियों को 5 अप्रैल, 1988 को प्रस्तुत किया।

(ग) मेमोरन्डा/रिप्रजैन्टेसन जो दिये गये।

(1) 5 जनवरी, 1988 को सी.बी.डी.टी. को एक रिप्रजेन्टेशन भेजा गया जिसमें इस आशय का स्पष्टीकरण जारी करने का निवेदन किया गया था कि यदि ऐसी सरकारी कम्पनियों तथा दूसरी कम्पनियों जहां स्टेचुटरी आडिटर की नियुक्ति में देर की जाती है या स्टेचुटरी आडिटर समय पर आडिट पूरा नहीं कर सकता, टैक्स आडिटर, नियमों में वर्णित फार्म 3 सी.ए. के बजाय, फार्म 3 सी.बी./3 सी.सी. में अपनी रिपोर्ट दे सकता है।

(2) 7-4-1988 को सी.बी.डी.टी. को एक और रिप्रजेन्टेशन भेजा गया। इसमें बोर्ड से यह स्पष्टीकरण जारी करने का निवेदन किया गया कि आयकर अधिनियम के अनुभाग 80 जी.(2)(ए.)(सी.)(9) और 192(2ए), इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया पर कहां तक उचित हैं।

(3) डायरेक्टोरेट आफ ऑर्गेनाइजेशन एण्ड मैनेजमैंट सर्विसेज (इन्कम टैक्स) दिल्ली के निदेशक से प्राप्त एक प्रार्थना पत्र--भोगों पर करों की अदायगी की नई योजना पर इंस्टीट्यूट के सुझाव और विचार प्रस्तुत किये गये।

(4) सैन्ट्रल बोर्ड आफ डायरेक्ट टैक्सेज से प्राप्त प्रार्थना पर इंस्टीट्यूट ने ट्रांजैक्शन की श्रेणियों जिनमें स्थायी एकाउन्ट नम्बर वर्णित किया जाना है, पर अपने सुझाव और विचार प्रस्तुत किये।

(द) प्रकाशन

आयकर अधिनियम के अनुभाग 44ए.बी. के अन्तर्गत टैक्स आडिट पर मार्गदर्शक-पत्र को अप्रैल 1988 में पुनः छापा गया। इसमें 1-4-1988 तक किये गये तथा प्रस्तावित परिवर्तनों को टिप्पणियों के रूप में संबंधित पृष्ठ के नीचे अंकित किया गया है।

3.9 अविच्छिन्न व्यावसायिक शिक्षा समिति

(अ) गोष्ठियां एवं पाठ्यक्रम

वर्ष के दौरान अविच्छिन्न शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत अनेक गोष्ठियों तथा पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनके पूरे विवरण हेतु कृपया परिशिष्ट 2 देखें।

(ब) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के परिणाम

नवम्बर, 1987 में मैनेजमेंट एकाउन्टैंसी, कार्पोरेट मैनेजमेंट तथा टैक्स मैनेजमेंट (भाग-1) की परीक्षाएं संशोधित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत ली गई तथा मई, 1988 में संशोधित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मैनेजमेंट एकाउन्टैंसी कोर्स (भाग-1) की परीक्षाएं ली गईं। नवम्बर, 1987 में ली गई परीक्षाओं का संक्षिप्त परिणाम परिशिष्ट 3 में दिया गया है।

(स) योग्यता छात्रवृत्तियां

मैनेजमेंट एकाउन्टैंसी कोर्स की प्रेरक योजना के अन्तर्गत, पुरस्कार अर्जित करने हेतु 5 उम्मीदवारों को 600 रुपये प्रत्येक के हिसाब से छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। इस योजना को कार्पोरेट मैनेजमेंट तथा टैक्स मैनेजमेंट की परीक्षाओं में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को भी प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

(द) मैनेजमेंट एवं इकोनोमिक क्वाटरली डायजैस्ट

सितम्बर, 1987 से मैनेजमेंट एवं इकोनोमिक डायजेस्ट प्रबन्ध तथा अर्थशास्त्र में समकालीन समस्याओं पर महत्वपूर्ण लेखों के सारभूत अंशों की पत्रिका के चार अंक प्रकाशित किये जा चुके हैं। इस प्रकाशन के अब तक लगभग 1400 सदस्य बन चुके हैं।

(य) व्यावहारिक प्रशिक्षण/एम.ए.सी. को पास करना

वर्ष के दौरान स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भाग 2 के अन्तर्गत व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिये पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या निम्न प्रकार से है:—

(1) मैनेजमेंट एकाउन्टैंसी कोर्स	12
(2) कार्पोरेट मैनेजमेंट कोर्स	3
(3) टैक्स मैनेजमेंट कोर्स	

निम्नलिखित सदस्यों ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मैनेजमेंट एकाउन्टैंसी कोर्स के तीनों भागों को पूरा कर लिया है:—

(1) श्री एस. कानन (सदस्यता संख्या 33573)

(2) श्री एन.आर. श्रीधरन (सदस्यता संख्या 15527)

(र) इन-हाउस कम्प्यूटर केन्द्र:

परिषद् के एक निर्णय के अनुसार इंस्टीट्यूट के सदस्यों तथा विद्यार्थियों को अच्छी तरह से तैयार किये गये प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मद्रास, कलकत्ता, बम्बई तथा कानपुर के क्षेत्रीय कार्यालयों में इन-हाउस कम्प्यूटर केन्द्र स्थापित किये गये हैं। दिल्ली में कम्प्यूटर केन्द्र संबंधी काम अन्तिम चरण में है और बहुत जल्दी ही कम्प्यूटर केन्द्र खोला जायेगा। कम्प्यूटरों से एक एकाउन्टैन्ट के रूप में व्यावसायिक काम लेने हेतु, भाग लेने वालों को पूरा प्रशिक्षण देने के लिये एक तीन-चरणीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। केन्द्रों द्वारा आयोजित अनेक कार्यक्रमों में पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई है। कम्प्यूटर केन्द्रों द्वारा आयोजित अनेक कम्प्यूटर पाठ्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट 4 में दिया गया है। इंस्टीट्यूट के सदस्यों तथा विद्यार्थियों के लिये आयोजित कम्प्यूटर पाठ्यक्रमों के अलावा इन केन्द्रों ने सरकारी विभागों, बैंकों तथा अन्य प्रतिष्ठानों के लिये सीमित संख्या में इनहाउस प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। साफा (एस.ए.एफ.ए.) के सदस्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिये भी एक कोर्स का आयोजन किया गया। वर्ष के दौरान मद्रास और कलकत्ता कम्प्यूटर केन्द्रों में और अधिक कम्प्यूटर लगाये गये।

(ल) "1988-अपडेट" गोष्ठियां

इस बात को मद्देनजर रखते हुए कि हाल ही में एकाउन्टिंग मार्केटिंग फाइनान्स, कार्पोरेट एवं वित्तीय कानूनों में हुए विकास विभिन्न संस्थाओं के लेखांकन तथा वित्तीय ढांचे को अच्छा खासा प्रभावित कर सकते हैं, क्षेत्रीय परिषदों को निर्देश दिये गये हैं कि वे क्षेत्रीय मुख्यालय शाखाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण शहरों में "1988 अपडेट" गोष्ठियों का श्रृंखलाबद्ध आयोजन करें। गोष्ठियों की इस श्रृंखला का उद्देश्य उपरोक्त क्षेत्र में हुए ताजे परिवर्तनों के प्रभावों से इंस्टीट्यूट के सदस्यों को अवगत कराना था। गोष्ठियों के लिए बैकग्राउंड सामग्री को छाप लिया गया है तथा क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं को भेज दिया गया है। इन गोष्ठियों का समय क्षेत्रीय केन्द्रों तथा अनेक बड़े शहरों में दो दिन का तथा अन्य शहरों में एक दिन का है।

3.10 पक्ष सलाहकार समिति

(अ) सितम्बर, 1987 को पिछली रिपोर्ट के बाद से समिति ने 72 शंका-प्रश्न (जिनमें से 7 शंका-प्रश्न प्रारम्भ से ही विचाराधीन हैं) प्राप्त किये हैं तथा उनमें से 46 का समाधान कर दिया गया है। 2 शंका-प्रश्न या तो परिषद को प्रेषित किये जा चुके हैं या किये जा रहे हैं। 3 प्रश्न अभी विचाराधीन हैं क्योंकि प्रश्नकर्ताओं से इन प्रश्नों के संबंध में अतिरिक्त सूचना मांगी है। 12-8-1988 को 21 अन्य शंका-प्रश्न विचाराधीन हैं।

(ब) "विचारों का संग्रह"-भाग 7, जिसमें कि सितम्बर, 1986 से सितम्बर, 1987 तक समिति द्वारा प्रकट राय सम्मिलित है, उसमें विषय के अनुसार वर्णमाला क्रम में पहले के 6 भागों की दी गई राय की तालिका भी सम्मिलित है, को बिक्री के लिये जारी कर दिया गया है।

(स) समिति द्वारा व्यक्त प्रमुख विचारों का सारांश सदस्य पाठकों की सूचना हेतु "दी चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट" के प्रत्येक अंक में छापा जाता रहा है।

3.11 आचार मानक (स्तर) समिति

सितम्बर, 1987 के बाद, आचार मानक समिति की एकाउन्टैंसी व्यवसाय से संबंधित आचार-संहिता के अनेक मामलों पर विचार करने के लिये तीन बैठकें हुईं तथा सदस्यों के मार्गदर्शन हेतु आचार-संहिता तैयार की गई। इंस्टीट्यूट का कोड आफ कंडक्ट को तैयार करने तथा आचार-संहिता के संबंध में अनेक सदस्यों द्वारा पूछे गये प्राप्त अनेक प्रश्नों का जवाब देने के अलावा समिति ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण कामों को पूरा किया।

(1) कोड आफ कंडक्ट का संशोधन

सर्व प्रथम इंस्टीट्यूट ने नवम्बर, 1963 में पहला कोड आफ कंडक्ट जारी किया तब से अब तक इसके सात संस्करण निकल चुके हैं। परिषद समय-समय पर सिद्धान्त एवं व्यवहार से संबंधित आचार-संहिता के अनेक ऐसे नियम प्रकाशित करती आ रही है जिनका सदस्यों से व्यावसायिक आचार-संहिता से भिन्न मामलों की स्थिति में अनुसरण करने की आशा की जाती है। परिषद की इन अधिकारिक घोषणाओं को तथा इसके द्वारा निर्धारित सिद्धान्तों को कोड आफ कंडक्ट के अनेक संस्करणों में शामिल किया जाता रहा है।

समिति ने आचार-संहिता से संबंधित परिषद् द्वारा लिये गये निर्णयों तथा अधिकारिक घोषणाओं को और अनेक उच्च न्यायालयों के निर्णयों को शामिल करने हेतु कोड आफ कंडक्ट को पूर्ण रूप से संशोधित कर दिया है। इसमें अन्तर्राष्ट्रीय लेखापालों के संघ की एथिक्स कमेटी द्वारा निर्धारित सिद्धांतों को भी शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त कोड आफ कंडक्ट में सम्मिलित सुझावों की पुनः एडिटिंग की गई जिससे कि इसे और अधिक विश्वस्त तथा समझने योग्य बनाया जा सके इसके साथ-साथ ऐसे भागों को उड़ा दिया गया है जो या तो अप्रासंगिक हो गये थे या अप्रचलित हो गये थे। परिषद ने नवम्बर, 1987 तथा अप्रैल, 1988 में हुई अपनी बैठकों में संशोधित कोड आफ कंडक्ट के मसविदे को कुछ सुझावों के साथ अपनी सहमति दे दी है। संशोधित कोड आफ कंडक्ट को छापा जा रहा है तथा अति शीघ्र ही सदस्यों को इसकी प्रति उपलब्ध होने लगेगी।

(2) महानगर टेलीफोन निगम द्वारा आठ शहरों में पीले पृष्ठ वाली टेलीफोन डायरेक्टरी प्रकाशित की गई। समिति को इस प्रश्न पर अपनी राय देने का मौका मिला कि क्या इंस्टीट्यूट के सदस्यों को उपर्युक्त डायरेक्टरी में चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स की वर्गीकृत सूची में अपने नाम प्रकाशित करने की अनुमति दी जाय। समिति द्वारा की गई सिफारिश के आधार पर परिषद ने इस प्रश्न पर विचार किया तथा महानगर टेलीफोन निगम द्वारा प्रकाशित टेलीफोन डायरेक्टरी के पीले पृष्ठों में चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स की वर्गीकृत सूची में सदस्यों को अपने नाम शामिल कराने की इजाजत देने का निर्णय लिया। परिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि सदस्यों को यह निर्देश दिया जाय की उनके नाम तथा उनकी फर्मों के नाम सामान्य टाइप में होने चाहिये तथा पीले पृष्ठों की डायरेक्टरी में प्रयोग की गई टाइप के अनुसार होनी चाहिए, इससे गहरे या मोटे टाइप में कदापि नहीं।

3.12 विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति

(अ) विश्वविद्यालयों के साथ संयुक्त गोष्ठियां

विश्वविद्यालयों एवं इंस्टीट्यूट के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से समिति ने निम्नलिखित विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर चार संयुक्त गोष्ठियों का आयोजन किया :—

1. उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद - 16.11.1988 को
2. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र - 12 और 13 मई, 1988 को
4. पूना विश्वविद्यालय, पूना - 10 जुलाई, 1988 को
4. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक - 29 अगस्त, 1988 को।

इन गोष्ठियों में भाग लेने वालों में कालेजों एवं विश्वविद्यालयों के विभागों के सदस्य तथा व्यवसाय के सदस्य शामिल हैं। यह महसूस किया जा रहा है कि इस प्रकार की गोष्ठियां आपसी लाभ के लिये इंस्टीट्यूट एवं विश्वविद्यालयों को और भी अधिक नजदीक लाने में सहायक होंगी।

(ब) बी. काम. परीक्षा में एकाउन्टेंसी में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में स्वर्ण-पदक देने के लिये धन

इंस्टीट्यूट ने तीन और इन्डोमेंटस तैयार किये हैं। ये क्रमशः बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, आगरा वि. गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर और भारतीदेशन विश्वविद्यालय तिरुचिरापल्ली को इन्डोमेंट हेतु दिये गये अब कुल मिलाकर 22 विश्वविद्यालयों में हमारे इन्डोमेंट्स हैं।

(स) पी.एच.डी. कार्यक्रम हेतु सी.ए. कोर्स को विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता

विश्वविद्यालयों के साथ सतत् कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप समिति ने 6 और विश्वविद्यालयों द्वारा पी.एच.डी. प्रोग्राम के लिये सी.ए. कोर्स को मान्यता दिलाने में सफलता प्राप्त की है। ये विश्वविद्यालय हैं— अन्नामलाई विश्वविद्यालय, कराइकुड़ी भारतीदेशन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली, एम.डी. विश्वविद्यालय रोहतक, रांची विश्वविद्यालय, रांची, आगरा विश्वविद्यालय, आगरा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र। अब भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अलावा सी.ए. कोर्स को पी.एच.डी. कार्यक्रम हेतु मान्यता देने वाले विश्वविद्यालयों की संख्या 31 हो गई है। इन विश्वविद्यालयों के नाम परिशिष्ट 5 में दिये गये हैं।

(द) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से सम्पर्क

विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति के सभापति श्री लक्ष्मी निवास शर्मा 1 अगस्त, 1987 से 2 वर्ष की अवधि के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कामर्स पैनल के एक सदस्य मनोनीत किये गये हैं।

(य) सी.ए. पाठ्यक्रम का प्रसिद्धिकरण

समिति ने सी.ए. पाठ्यक्रम की जानकारी के वास्ते एक लघु पुस्तिका निकाली। इसका शीर्षक है "वी केयर फॉर यू इफ यू आर कैरियर कान्सीयस"। इस लघु पुस्तिका की प्रतियां इंस्टीट्यूट की सभी क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं 91 विश्वविद्यालयों, 2,470 कालेजों और 95 विश्वविद्यालय सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्रों में वितरित की गई।

(र) इंस्टीट्यूट द्वारा अर्जित किये गये इन्डोमेंट्स में से आई.सी.ए.आई. पुरस्कार/स्वर्ण पदक के अवार्ड के बारे में विश्वविद्यालयों से जानकारी

करीब-करीब समस्त विश्वविद्यालयों से पुरस्कार/स्वर्ण पदक दिये जाने की सूचना प्राप्त हो रही है। जो विश्वविद्यालय इस प्रकार की आवश्यक सूचना नहीं भेज रहे हैं उनके साथ पत्र-व्यवहार किया जा रहा है। पुरस्कार प्राप्त करने वालों के नाम, यदि उपलब्ध हो तो उनके फोटोग्राफ भी इंस्टीट्यूट की पत्रिका में छापे जाते रहे हैं।

(ल) विश्वविद्यालयों की सिनेटों में इंस्टीट्यूट का प्रतिनिधित्व

समिति देश के अनेक विश्वविद्यालयों को पिटीशों में इंस्टीट्यूट को प्रतिनिधित्व दिलाने के लिये प्रयत्न कर रही है।

4. अन्य मामले

4.1 जन-सम्पर्क समिति

(अ) इंस्टीट्यूट के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी को बढ़ावा देने के लिये तथा इस व्यवसाय की सुन्दर छवि के बारे में जानकारी देने के लिये जन-सम्पर्क-समिति ने अनेक कार्यक्रम किये।

(ब) 31 मार्च, 1987 को समाप्त वर्ष की 38वीं वार्षिक रिपोर्ट के प्रमुख अंशों को कई प्रसिद्ध समाचार-पत्रों में प्रकाशित किया गया। वार्षिक बैठक की रिपोर्ट सर्वोत्तम लेखा प्रस्तुत करने के लिये पुरस्कारों के वार्षिक प्रदाय तथा इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं में पुरस्कार विजेताओं के बारे में भी सभी बड़े अखबारों में छापा गया।

(स) परिषद द्वारा अपनाई गई नीति तथा प्राप्त उद्देश्यों के बारे में सर्वसाधारण की जानकारी के लिये आई.सी.ए.आई. समाचार-पत्र का प्रकाशन जारी रखा गया।

(द) नीति संबंधी अनेक मामलों पर इंस्टीट्यूट के दृष्टि-विकारों को प्रकट करने तथा परिषद की अनेक गतिविधियों पर प्रकाश डालने के उद्देश्य से भारत के विभिन्न भागों में अध्यक्ष द्वारा प्रेस-सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट के विचारों को अनेक गतिशील समाचार-पत्रों ने छापा।

(य) वर्ष 1988-89 के लिये सरकार की बजट नीतियों पर इंस्टीट्यूट के विचार जानने हेतु दिल्ली दूरदर्शन ने अध्यक्ष से साक्षात्कार किया। कलकत्ता दूरदर्शन ने भी "एकाउन्टेंसी व्यवसाय इसकी शिक्षा तथा प्रशिक्षण व्यवस्था" के ऊपर एक "पैनल डिसकशन" के लिये अध्यक्ष को आमंत्रित किया।

द्वितीय पुरस्कार : श्री ए.एच. दलाल, बम्बई, को उनके लेख
(1,000 रुपये) "प्रत्यक्ष कर नियम (संशोधन) अधिनियम 1987 यह कैसे सार्वजनिक न्यासों को प्रभावित करता है" (अप्रैल 1988 संस्करण में) के लिए।

तृतीय पुरस्कार : डा. एन.एल. आहूजा, नई दिल्ली को उनके
(500 रुपये) लेख "लेखांकन मानक--उनकी अनुकूलता तथा आडिटरों की जिम्मेदारियां" (जून 1988 के संस्करण में) के लिये।

विद्यार्थी अनुभाग

प्रथम पुरस्कार : सर्वश्री वी. गोविन्दराजन और बाबू जयेन्द्रन, दुबई
(750 रुपये) : को संयुक्त रूप से उनके लेख "कम्प्यूटर वातावरण में सुरक्षा और आडिट" (नवम्बर 1987 संस्करण) के लिये।

द्वितीय पुरस्कार : सर्वश्री एम.बी., सोनाकर और वी.एस. कोठारी
(500 रुपये) बम्बई को संयुक्त रूप से उनके लेख "बड़ी मात्रा में औद्योगिक अग्रिमों का पुनर्विलोकन" (जुलाई 1987 के संस्करण) के लिये।

4.5 चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस विनियम, 1988 का परिचालन

जैसा कि इससे पहले भी कई रिपोर्टों में वर्णन किया जा चुका है, चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस विनियम, 1964 के सरलीकरण तथा उसे युक्ति-सम्मत बनाने हेतु जिससे कि अनियमितताओं तथा अनेक कमियों को दूर किया जा सके तथा कार्य करने की रीति में होने वाली देरी को कम किया जा सके। परिषद ने एक विशेष समिति का गठन किया था जिसे कि "कोडिफिकेशन कमेटी" का नाम दिया गया। समिति द्वारा तैयार किये गये विनियमों के कानूनी मसविदे को सर्वसाधारण के विचारों हेतु भारत के राजपत्र में छापा गया तथा इस प्रकार तैयार किये गये संशोधनों को तदुपरांत केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन हेतु अग्रेसित किया गया।

परिषद् को यह सूचित करते हुए हर्ष है कि केन्द्रीय सरकार ने इन विनियमों को अपनी सहमति प्रदान कर दी है। इन विनियमों को 1 जून, 1988 से लागू कर दिया गया है तथा इन्हें चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस विनियम 1988 का नाम दिया गया है। नये विनियमों को सम्पूर्ण रूप से इंस्टीट्यूट के जनरल "दी चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस" के जून, 1988 संस्करण में प्रकाशित किया गया है।

4.6 परिषद की वार्षिक बैठक

(अ) परिषद् की 38वीं वार्षिक बैठक का आयोजन 15 सितम्बर 1987 को नई दिल्ली के अशोका होटल के कन्वेन्शन हाल में इंस्टीट्यूट के तत्कालीन अध्यक्ष श्री आर. बालाकृष्णन की अध्यक्षता में किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री जे. बेंगलराव, केन्द्रीय उद्योग मंत्री थे। इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित अति प्रसिद्ध प्रतियोगिता "सर्वोत्तम ढंग से प्रस्तुत लेखा" में भाग लेने वालों में से विजेता कम्पनियों तथा वित्तीय संस्थाओं को माननीय मंत्री महोदय ने शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मंत्री महोदय ने इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों को भी पुरस्कारों तथा पदकों से सुशोभित किया।

(ब) श्री बालाकृष्णन ने मंत्री महोदय को, प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय राहत कोष के लिये, 1,00,001 रुपये का एक चैक भी भेंट किया। इस रकम में परिषद् तथा क्षेत्रीय परिषदों के सदस्यों तथा अन्य सदस्यों का योगदान है। इंस्टीट्यूट के कर्मचारियों ने भी इस पुण्य काम के लिए अपने एक दिन के वेतन का योगदान दिया।

(स) अध्यक्ष-पद के लिये निर्वाचित श्री एस.के. दासगुप्ता ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तावित किया। समारोह में बड़ी संख्या में सदस्यों तथा आमंत्रित महानुभावों ने भाग लिया।

4.7 पुस्तकालय :

वर्ष के दौरान नई दिल्ली में केन्द्रीय परिषद की पुस्तकालय में 1118 और पुस्तकें जोड़ी गई। इस प्रकार कुल पुस्तकों की संख्या 22349 हो गई है। सदस्यों एवं विद्यार्थियों दोनों ने ही बढ़ती हुई पुस्तकालय सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग किया।

4.8 बाहरी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व :

अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से इंस्टीट्यूट का अनेक राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय निकायों में प्रतिनिधित्व बना आ रहा है। इस प्रकार के प्रतिनिधित्व का सविस्तार वर्णन परिशिष्ट 6 में दिया गया है।

4.9 महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत सदस्य

इंस्टीट्यूट के सदस्य अपनी उच्चतम श्रेणी की कुशलता तथा लेखांकन व वित्तीय मामलों के क्षेत्रों में प्राप्त ज्ञान के परिणाम स्वरूप अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थानों को प्राप्त करने में सफल हुए हैं। इनमें सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों की कम्पनियों तथा सरकारी निगम शामिल हैं। परिषद् की जन सम्पर्क समिति समय-समय पर इंस्टीट्यूट के जनरल "दी चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट" में उच्च पदों पर नियुक्त होने वाले सदस्यों के फोटोग्राफ तथा उनके विवरण छापती आ रही है। इन पदों में सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों की कम्पनियों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और राष्ट्रीयकृत बीमा कम्पनियों के निदेशक (वित्त), प्रबन्ध निदेशक तथा चेयरमैन के पद शामिल है।

4.10 महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की बैठकें तथा शाखाओं का दौरा।

अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, रिपोर्ट वर्ष के दौरान, केन्द्रीय मंत्रियों और सरकारी विभागों के उच्च अधिकारियों जैसे अनेक महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मिले। इन बैठकों में विशेष उल्लेखनीय 8 जनवरी, 1988 को माननीय वित्त मंत्री के साथ हुई बैठक रहीं। इस बैठक में इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि मण्डल जिसके नेता अध्यक्ष थे, के अलावा श्री सी.बी.डी.टी. के चेयरमैन तथा बोर्ड के अन्य अधिकारियों ने भी वित्त मंत्री के साथ पूर्व बजट पर विचार-विमर्श किया। सन् 1988-89 के लिये बजट योजना तैयार करने के लिये कुछ सुझावों का एक मेमोरंडम (स्मरण-पत्र) प्रस्तुत किया गया। इस स्मरण-पत्र में ग्रामीण विकास, उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि के लिये पुरस्कार गैर-योजनागत खर्चों पर नियंत्रण, पर्यटन को प्रोत्साहन, वर्तमान टैक्स कानूनों को युक्तिसंगत बनाना तथा विदेशी मुद्रा विनियम विनियमों जैसे अनेक संबंधित मामलों पर भी सुझाव शामिल थे इस बैठक के अवसर का लाभ उठाते हुए अध्यक्ष ने मंत्री महोदय को राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में व्यवसाय की भूमिका तथा इसके द्वारा अनेक क्षेत्रों में सरकार को दी जाने वाली सहायता को बड़ी गहराई से समझाने की कोशिश भी की। मंत्री महोदय ने देश की आर्थिक गतिविधियों में इंस्टीट्यूट के योगदान की काफी सराहना की। मंत्री महोदय के कहने पर इंस्टीट्यूट ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनर्जागरण, इसमें ग्रामीण रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी को दूर करने तथा अन्य ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों पर विशेष बल देते हुए, एक पत्र प्रस्तुत किया।

अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष ने समस्त क्षेत्रीय परिषदों तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय परिषदों की शाखाओं का भी दौरा किया तथा सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिये और अधिक अवसरों का विकास करने तथा शैक्षणिक सुविधाओं को बढ़ाने संबंधी मामलों पर काफी विचार-विमर्श किया।

दा संतों का फायदा उठाते हुए अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष ने राज्यों के महत्वपूर्ण अधिकारियों से व्यावसायिक महत्व के मामलों पर भी विचार-विमर्श किया।

4.11 परिषद तथा क्षेत्रीय परिषदों के चुनाव

चौदहवी परिषद् तथा तेरहवीं क्षेत्रीय परिषदों के लिये अगस्त, 1988 में चुनाव का काम सम्पन्न हो गया है। परिषद् तथा क्षेत्रीय परिषदों के लिये चुने गये सदस्यों के नाम भारत के राजपत्र में तथा साथ ही साथ इंस्टीट्यूट के जनरल में भी अधिसूचित कर दिये गये हैं। ताजे संदर्भ की सुविधा हेतु इन नामों को इस रिपोर्ट की परिशिष्ट 7 में भी दिया जा रहा है।

4.12 चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस परोपकारी कोष

